

श्री मुख़्तार अब्बास नकवी
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

<u>परिचय:</u>

श्री मुख्तार अब्बास नकवी संसद सदस्य (राज्य सभा) और अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार हैं। उनके पास संसदीय राज्य मंत्री का प्रभार भी है। श्री नकवी भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।

उनका जन्म और परवरिश इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश के एक सम्मानजनक परिवार में हुई थी। श्री मुख्तार अब्बास नकवी बचपन से ही कड़ी मेहनत करने वाले जुझारू व्यक्तित्व के मालिक रहे हैं तथा जिन्होंने दृढ़ संकल्प,सिद्धांतों तथा सामाजिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ अपने जीवन की शुरूआत की ।

कम उम्र में ही उनका झुकाव श्री जयप्रकाश नारायण द्वारा शुरू किए गए 'संपूर्ण क्रांति अभियान" की ओर हो गया था। बाद में वह 'चतरा युवा संघर्ष वाहिनी' के सचिव निर्वाचित हुए। इसके अलावा, उन्होंने विभिन्नआंदोलनों में प्रमुख भूमिका भी निभाई। इमरजेंसी के दौरान उन्हें 17 वर्ष की अल्पायु में डी.आई.आर-मीसा के तहत गिरफ्तार किया गया और सेंट्रल जेल , नैनी में सलाखों के पीछे डाल दिया गया था। सामाजिक तथाराष्ट्रीयवादी मूल्यों से ओत-प्रोत विचारधारा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और समर्पण के कारण श्री नकवी ने विभिन्न महत्वपूर्ण सरकारी और राजनीतिक पदों पर काम करते हुए अपनी क्षमता और दक्षता का अभूतपूर्व परिचय दिया। उनकी छवि हमेशा से एक साधारण सामाजिक कार्यकर्ता और मानवीय मूल्यों की रक्षा करने वाले समर्पित सैनिक की रही है, जो आज भी कायम है। वह सकारात्मक सोच रखने वाले नेता, राष्ट्रवादी वक्ता, राजनेताऔर मानवीय मूल्यों के प्रखर रक्षक के रूप में जाने जाते हैं।

<u>व्यक्तिगत वेबसाइट</u>: http://mukhtarabbasnaqvi.in/

<u>शैक्षिक योग्यता:</u>

- बी.ए. (ऑनर्स), पोस्ट ग्रेजुएट (मास कम्युनिकेशन)
- एफआरआई कॉलेज में शिक्षित मीडिया और संचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
- बरेली, एंग्लो-वेरना कॉलेज, इलाहाबाद, यदगर कॉलेज, इलाहाबाद और एशियन इंस्टीच्युट आफ टेक्नींकल स्टडी

<u>संव्यसाय (प्रोफेशन):</u>

कृषक, लेखक, राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता

ग्रहित पद:

1978 में इलाहाबाद जिला के युवा जनता के उपाध्यक्ष और महासचिव जो जनता पार्टी की युवा शाखा थी।
1979 में उत्तर प्रदेश युवा जनता की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य चुने गए।
1982 में उत्तर प्रदेश युवा जनता के महासचिव बने।
1992 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा, भाजपा की युवा शाखा ।
1998 में रामपुर (उत्तर प्रदेश) से 12 वीं लोकसभा के निर्वाचित सदस्य।
1998 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के मंत्रिपरिषद में सूचना प्रौद्योगिकी, प्रसारण और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री के रूप में शामिल हुए।
2000 में राष्ट्रीय सचिव, भारतीय जनता पार्टी बने।
2002 में राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा कई महत्वपूर्ण राज्यों के प्रभारी बने।
भाजपा की केंद्रीय चुनाव प्रबंधन समन्वय समिति के प्रभारी।
नवंबर 2002 में उत्तर प्रदेश से संसद के ऊपरी सदन राज्य सभा के लिए निर्वाचित हुए।
जनवरी 2006 से अखिल भारतीय उपाध्यक्ष, भाजपा तथा भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्रबंधन एवं समन्वय समिति के प्रभारी।
2001-2003 में उपाध्यक्ष, सीसीआरटी, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार निर्वाचित हुए।
2003-2008 में अध्यक्ष, एयर चार्टर्ड समिति (हज), विदेश मंत्रालय भारत सरकार निर्वाचित हुए।
2003-2004 में वक्फ बोर्डों के कामकाज की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष।
2004-2008 में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कोर्ट के सदस्य।
2003-2004 में वित्त और वाणिज्य की स्थायी समिति के सदस्य।
2004-2005 में रक्षा मामलों की स्थायी समिति के सदस्य।
2006-2008 में विदेशी मामलों की विदेश समिति के सदस्य।
2004-2008 में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य।
जुलाई 2010 में उत्तर प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए।
अगस्त 2010 में नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार की हिन्दी सलाहकार समिति में मनोनीत सदस्य ।
सितंबर,2010 में वक्फ (संशोधन) विधेयक पर बनी प्रवर समिति के मनोनीत सदस्य।
नवंबर 2010 में पैट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के मनोनीत सदस्य।
फ़रवरी 2011 में सार्वजनिक उपक्रम कंपनियों (पीएसयू), भारत सरकार के निर्वाचित सदस्य ।
मई 2011 से लोक उपक्रम समिति के सदस्य।
दिसंबर 2011 से भारत-ईरान संसदीय मैत्री समूह के उपाध्यक्ष।
मई 2012 से अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय कोर्ट के सदस्य।
अक्तूबर 2012 से संसद सदस्यों के वेतन एवं भत्ते पर बनी संयुक्त समिति के सदस्य।
जनवरी 2013 से सांसदों के वेतन और भत्तों संबंधी संयुक्त समिति के मनोनीत सदस्य।
दिसंबर 2013 राज्यसभा के लिए हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य ।
नवंबर 2014 केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री, भारत सरकार ।
2016 जून, झारखंड से राज्यसभा के लिए चुने गए।
2016 जुलाई, केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार ।

सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ:

कई सामाजिक-सांस्कृतिक शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेना। कारीगरों के उत्थान के संघर्ष में सक्रिय भागीदारी।

विशेष रूचि:

सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक मुद्दों पर पुस्तक लेखन, लेख, आलेख ।

विभिन्न देशों का दौरा :

1998 में उत्तर कोरिया जाने वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ,भारत सरकार का नेतृत्व किया।
1999 में संयुक्त अरब अमीरात जाने वाले संयुक्त संसदीय शिष्टमंडल के प्रमुख के रूप में दौरा किया।
2002 में मलेशिया की सत्तारूढ़ पार्टी के राष्ट्रीय सम्मेलन के पर्यवेक्षक के रूप में मलेशिया का दौरा किया।
2003 में 49 वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में बांग्लादेश का दौरा किया।
मई 2005 में साफमा सम्मेलन में भाग लेने के लिए भाजपा सदस्यों वाले संसदीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख के रूप में पाकिस्तान का दौरा किया।
जून 2008 में सांसदों के भारत-अमेरिका फोरम के सदस्य के रूप में संयुक्त राज्य अमेरिका का दौरा किया।
अप्रैल, 2012 में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में न्यूजीलैंड का दौरा किया।
नवंबर, 2014 में भारत के माननीय राष्ट्रपति के साथ आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में भूटान का दौरा किया।
जनवरी,2015 में भारत के माननीय उप राष्ट्रपति के साथ सऊदी अरब का दौरा किया ।
जुलाई,2015 में भारत के माननीय प्रधानमंत्री के विशेष दूत के रूप में मिस्र का दौरा किया।
सितंबर,2015 में भारत के माननीय प्रधानमंत्री के विशेष दूत के रूप में जांबिया का दौरा किया।
संयुक्त राज्य अमेरिका, मॉरीशस, हांगकांग, चीन, आस्ट्रिया, जर्मनी, इटली, स्विट्जरलैंड, थाईलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, आदि का दौरा किया।

पुस्तकें:

(i) स्याह, 1991
(Ii) दंगा, 1998
(Iii) वेसाली, 2007